अनुस्मारक – ।।

सं. 05/01/2024 – रा. भा. (सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय/ राजभाषा विभाग

एनडीसीसी – ।। भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली – 110 001
दिनांक: 18 अप्रैल, 2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय: केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग में रिक्ति वर्ष 2024 की सहायक निदेशक के पद पर नियमित पदोन्नति के संबंध में।

उपरोक्त विषय के संबंध में राजभाषा विभाग के दिनांक 26 मार्च, 2024 के अनुस्मारक - । तथा दिनांक 26 फरवरी, 2024 के कार्यालय ज्ञापन सं. 05/01/2024 – रा. भा. (सेवा) का संदर्भ ग्रहण करें।

2. विचाराधीन क्षेत्र में आने वाले (अनुलग्नक – क) में निर्देशित 08 वरिष्ठ अनुवादकों की सतर्कता निकासी प्रमाण – पत्र (जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि इनके विरूद्ध न तो कोई सतर्कता संबंधित मामला लंबित है और ना ही चलाये जाने का प्रस्ताव है) एवं पिछले 10 वर्षों की छोटी बड़ी शास्ति संबंधित प्रमाण – पत्र (Major/Minor Penalty Statement) तथा एपीएआर राजभाषा विभाग को अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। अत: संबंधित मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि इसे दिनांक 26 अप्रैल, 2024 तक राजभाषा विभाग को उपलब्ध करवाएं जिससे अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

3. सतर्कता निकासी प्रमाण – पत्र एवं पिछले 10 वर्षों की छोटी/ बड़ी शास्ति संबंधित प्रमाण – पत्र (Major/Minor Penalty Statement) के संदर्भ में मॉडल ड्राफ्ट की भाषा अनुलग्नक – ख में संलग्न है।

राजेश
18/4/2024

(राजेश कुमार)
सहायक निदेशक (सेवा)

सेवा में,

1. संबंधित मंत्रालय/ विभाग के अवर सचिव (प्रशासन/स्थापना)। अनुरोध है कि सभी संबंधित अधिकारियों के अपेक्षित दस्तावेज़ शीघ्र राजभाषा विभाग को उपलब्ध करवाएं।
2. एन आई सी, राजभाषा विभाग: कृपया इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।

अनुलग्नक – क

क्र.सं.	सर्वश्री/सुश्री	वर्तमान तैनाती	सतर्कता निकासी प्रमाण पत्र	पिछले 10 वर्षों की छोटी बड़ी शास्ति	एपीएआर (मंगाए जाने हैं)
1.	आशुतोष कुमार श्रीवास्तव	कारखाना सलाह सेवा एवं श्रम संस्थान महानिदेशालय, मुम्बई	प्राप्त नहीं हुई है	प्राप्त नहीं हुई है	01.04.2021 - 31.03.2022
2.	सुनीता डी.वर्मा	प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त का कार्यालय, हैदराबाद (प्रतिनियुक्ति पर)	प्राप्त नहीं हुई है	प्राप्त नहीं हुई है	30.10.2020 - 31.03.2021
3.	राजेन्द्र कुमार	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	प्राप्त हो गई है	प्राप्त नहीं हुई है	
4.	संजय राघव	राजस्व विभाग	प्राप्त नहीं हुई है	प्राप्त नहीं हुई है	
5.	बृजेश कुमार	रक्षा मंत्रालय	प्राप्त नहीं हुई है	प्राप्त नहीं हुई है	01.04.2020 - 31.03.2021 01.04.2021 - 31.03.2022
6.	दीपा सैनी	पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय	प्राप्त नहीं हुई है	प्राप्त नहीं हुई है	
7.	विष्णु कुमार	आसूचना ब्यूरो, दिल्ली	प्राप्त हो गई है	प्राप्त नहीं हुई है (केवल 05 वर्षों की प्राप्त हुई है)	01.04.2017 - 31.03.2018
8.	रामकेश मीना	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	प्राप्त हो गई है	प्राप्त नहीं हुई है	

अनुलग्नक – ख

सं. 05/01/2024 - रा.भा. (सेवा)
भारत सरकार
मंत्रालय / विभाग का नाम

दिनांकः

विषय : सतर्कता निकासी प्रमाण पत्र एवं पिछले 10 वर्षों की छोटी बड़ी शास्ति संबंधित प्रमाण-पत्र ।

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री____________________, पद ________________ के विरुद्ध कोई सतर्कता संबंधी मामला ना तो लंबित है और ना ही चलाये जाने का प्रस्ताव है, एवं पिछले 10 वर्षों में उनके ऊपर कोई छोटी-बड़ी शास्ति नहीं लगाई गई है ।

हस्ताक्षर
सक्षम प्राधिकारी

राजभाषा विभाग,

राजेश कुमार, सहायक निदेशक (सेवा),

गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-2 बिल्डिंग,

जय सिंह रोड, नई दिल्ली -110001